17-11-2023

Indian Creek एलिमेंटरी स्कूल क्रॉसिंग गार्ड को Metro Atlanta के सर्वश्रेष्ठ के रूप में सम्मानित किया गया।

Indian Creek एलिमेंटरी स्कूल में सबसे बेहतरीन क्रॉसिंग गार्ड, Tarin Glenn को *Georgia परिवहन विभाग के सेफ रूट्स टू स्कूल* कार्यक्रम द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ Metro Atlanta क्रॉसिंग गार्ड चुना गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार, जिसे *क्रॉसिंग गार्ड प्रशंसा सप्ताह* (6-10 नवंबर) के दौरान प्रस्तुत किया गया, विद्यार्थी सुरक्षा एवं समुदाय सहभागिता के प्रति Glenn के असाधारण समर्पण के लिए दिया गया।

Metro Atlanta की क्षेत्रीय समन्वयक, Marielena Gutiérrez द्वारा की गई इस पुरस्कार घोषणा ने Glenn को चकित कर दिया।

“मुझे तो यकीन ही नहीं होता। साथ ही मैं बहुत खुश और आभारी भी हूँ कि मेरे काम को सराहा गया है,” Glenn ने बताया।

इस पुरस्कार के तहत Glenn को प्रमाणपत्र और क्रॉसिंग गार्ड के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान की गए। उनकी चुनौतीपूर्ण भूमिका, विशेष रूप से व्यस्त North Indian Creek ड्राइव पर 300 से अधिक विद्यार्थियों की रोज़ाना सुरक्षा की उनकी ज़िम्मेदारी, उनके चयन का मुख्य कारण थी।

Indian Creek एलिमेंटरी की प्रधानाचार्य Stephanie Brown-Bryant ने बताया कि स्कूल के 600 से अधिक विद्यार्थी रोज़ाना पैदल चल कर स्कूल पढ़ने आते हैं। ऐसे में Glenn की भूमिका बहुत यहां बहुत अहम हो जाती है। प्रधानाचार्य Brown-Bryant ने विद्यार्थी सुरक्षा के लिए अपनाई गई विशेष पद्धति के लिए Glenn को सराहा।

“Ms. Glenn हमारे बच्चों से परिचित हैं। उन्हें पता है कि कौन-सा बच्चा किस के साथ स्कूल आता है, वो सभी बच्चों को नाम से जानती हैं, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं और दिल से उनका ख्याल रखती हैं,” उन्होंने बताया। “उनका प्रयास होता है कि वो विद्यार्थियों की विविध पृष्ठ भूमि और भाषाओं के बारे में जानें, ताकि उनसे सहज और प्रभावी ढंग से बातचीत की जा सके।

इस सम्मान के बारे में बताते हुए Glenn ने कहा कि यह पुरस्कार उनकी उपलब्धियों और Indian Creek पर तैनात सभी क्रॉसिंग गार्ड्स के सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। “मेरे लिए यह बहुत सम्मान की बात है। आगे भी मैं इस भूमिका को पूरी लग्न से निभाती रहूँगी।”

यह पुरस्कार Indian Creek एलिमेंटरी के विद्यार्थियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने में Ms. Glenn की अहम भूमिका का प्रतीक है और जिस वजह से स्कूल समुदाय में उनका बहुत आदर किया जाता है। उनका योगदान स्कूल के माहौल को सुरक्षित बनाने में क्रॉसिंग गार्ड्स की अहम भूमिका का प्रतीक है।

“यह बहुत सम्मान की बात है... मुझे अपने काम से प्यार है," वे गर्व से कहती हैं।

XXX